nandgaon times sep-11-4.qxd 9/11/2025 12:00 AM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


गुरूवार, 11 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 319, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## बेटियों की शिक्षा से पीढ़ियाँ होती हैं शिक्षित : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश में अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना का किया शुभारंभ

**रायपुर।** बेटियों को शिक्षा मिलने से हमारी पीढ़ियाँ शिक्षित होती हैं। प्रदेश सरकार बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि इस छात्रवृत्ति योजना से हजारों बेटियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हुआ है और इसमें बेटियों ने भी अपनी भूमिका निभाकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। बेटियाँ आर्थिक दिक्कतों के कारण अपनी पढ़ाई अधूरी न छोड़ें—इसी उद्देश्य से यह पहल की गई है। यह योजना प्रदेश में बालिकाओं की उच्च शिक्षा में नामांकन दर को और अधिक बढ़ाने में सहायक होगी। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संकल्प को यह स्कॉलरशिप आगे बढ़ाएगी। इसके माध्यम



से शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली निम्न आय वर्ग की छात्राओं को विशेष रूप से मदद मिलेगी और वे अपनी उच्च शिक्षा जारी रख पाएँगी।

**बेटियों की शिक्षा से पीढ़ियाँ होती हैं शिक्षित : मुख्यमंत्री साय**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बेटियाँ पढ़ती हैं तो वे केवल दो परिवारों को ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ियों को शिक्षित करती हैं। उन्होंने सभी महाविद्यालयों में इस योजना की जानकारी व्यापक रूप से पहुँचाने के निर्देश दिए।उल्लेखीय है कि इस योजना के तहत प्रदेश के शासकीय विद्यालयों से 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली नियमित छात्राएँ पात्र होंगी। जो छात्राएँ शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक के प्रथम वर्ष अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में देश के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेंगी, उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा।योजना का लाभ पाने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। साथ ही, क्यूआर कोड स्कैन कर भी आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन दो चरणों में स्वीकार किए जाएँगे—पहला चरण 10 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तथा दूसरा चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक। फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क संचालित की जाएगी। यदि योजना से संबंधित किसी प्रकार की धोखाधड़ी या शिकायत की जानकारी हो, तो उसे पर प्रेषित किया जा सकता है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री संतोष देवांगन, संचालक तकनीकी शिक्षा श्री विजय दयाराम के., तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के स्टेट हेड श्री सुनील शाह उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के जीएसटी सुधार से भारत जल्द बनेगा तीसरा महाशक्ति : सचिन सिंह बघेल

### कहा - वस्तु एवं सेवा कर में सुधार से आम आदमी खुशहाल होगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आर्थिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर है और आने वाले कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनकर उभरेगा। श्री बघेल ने कहा कि जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा लाभ आम नागरिक को मिलेगा। अब तक लोगों को अनेक वस्तुओं और सेवाओं पर ज्यादा टैक्स देना पड़ता था लेकिन नवरात्रि से लागू होने वाले नए प्रावधानों के तहत टैक्स स्लैब को घटाकर केवल दो कर दिया गया है। इससे दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएँ सस्ती होंगी और आम आदमी की बचत में बढ़ोत्तरी होगी। किसानों के लिए यह सुधार सहारा और संबल साबित होंगे। कृषि उपकरणों पर लगने वाला टैक्स कम कर दिया गया है जिससे खेती की लागत घटेगी और किसानों का बोझ हल्का होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक ठोस पहल है।सुधारित जीएसटी व्यवस्था से छोटे व्यापारी और उद्योगपति भी लाभान्वित होंगे। टैक्स संरचना सरल होने से व्यापार करना आसान होगा। इससे मेक इन इंडिया स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को गति मिलेगी। छोटे व मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बीमा सेवाओं सहित कई अन्य आवश्यक सेवाओं पर टैक्स में कटौती की गई है। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सुरक्षा कवच प्राप्त होगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मोदी सरकार के सुधार केवल देश की आंतरिक व्यवस्था को ही नहीं बदलेंगे। बल्कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। आने वाले समय में भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में स्थापित होगा। मोदी सरकार ने हमेशा गरीब, किसान, युवा और व्यापारी वर्ग को ध्यान में रखकर नीतियाँ बनाई हैं। जीएसटी सुधार उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो देश को आर्थिक रूप से सशक्त और विश्व पटल पर अग्रणी बनाने का काम करेगा।



## किशोर-किशोरी सशक्तिकरण, बाल सुरक्षा एवं बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त अभियान छत्तीसगढ़ के तहत जिला स्तरीय चयनित ग्राम पंचायत एवं चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने कार्यशाला में पंचायतों के सरपंच, सचिव, सुपरवाइजर एवं अन्य सभी को बाल विवाह को रोकने के लिए प्रेरित किया और गांव में जाकर लोगों को प्रेरित करने कहा। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे जल संरक्षण एवं स्वच्छता के कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उपस्थित सभी को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई।

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री शशांक शर्मा ने किशोर सशक्तिकरण, लैगिंक समानता, किशोर स्वास्थ्य, शिक्षा विषय को विस्तृत रूप से समझाया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम को किस प्रकार जनस्तर तक पहुंचना है इसके संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ग्राम पंचायत विकास योजना में किशोर-किशोरी सशक्तिकरण, बाल सुरक्षा, बाल विवाह जैसे विषयों को एजेंडा के रूप में रखने के लिए प्लान बनाना सिखाया गया एवं प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह और जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री सीके लाड़े द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान को बढ़ावा देने पंचायत स्त्री बाल प्रतिषेध समिति में सक्रिय योगदान देने प्रतिनिधियों को समझाया गया। साथ ही महिला में बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य बाल विवाह मुक्त अभियान एवं बाल संरक्षण अभियान जैसे विभिन्न विषयों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी से लाभान्वित किया गया। कार्यशाला में चयनित 15 पंचायत के सरपंच, सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर, डीसीपी, सीडीपीओ एवं युवोदय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## एबीवीपी ने झांकियों का किया पारंपरिक अंदाज में स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर राजनांदगांव में भव्य झांकियों का आयोजन धूमधाम से किया गया। शहर को सजाया गया श्रद्धा, संस्कृति और भक्ति के रंगों सेए वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने परंपरागत अंदाज में झांकियों का स्वागत कर माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया।

इस बार की झांकियों में धार्मिक और सामाजिक विषयों का सुंदर समावेश देखा गया। बाबा श्री खाटू श्याम, रामायण, महाभारत, यमलोक, ऑपरेशन सिंदूर और कल्कि अवतार जैसे विषयों पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। स्थानीय कलाकारों की कल्पनाशीलता और मेहनत ने इन झांकियों को जीवंत कर दिया। रात भर श्रद्धालु झांकियों का दर्शन करते नजर आए। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और भक्ति गीतों के साथ झांकियों का स्वागत किया। चारों ओर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। एबीवीपी नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा, राजनांदगांव की झांकियां हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इस वर्ष की झांकियों में आस्था के साथ-साथ सामाजिक चेतना का संदेश भी समाहित था। ऑपरेशन सिंदूर जैसी झांकियों ने समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। नगर सह मंत्री निकिता श्रीरंगे ने कहा, झांकियां केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि कला, संस्कृति और नवाचार का संगम हैं। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी इन आयोजनों को और भी खास बना देती है। नगर सह मंत्री भूपेंद्र पाल ने कहा, हर वर्ष की तरह इस बार भी झांकियों में कुछ नया देखने को मिला। धार्मिक प्रसंगों के साथ सामाजिक मुद्दों की प्रस्तुति प्रेरणादायक रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़, प्रशासन की चुस्त व्यवस्था और कलाकारों की अथक मेहनत ने इस आयोजन को सफल और शांतिपूर्ण बनाया। झांकियों की भव्यता और कलात्मकता ने न केवल शहरवासियों को अभिभूत किया, बल्कि प्रदेशभर के लोगों का ध्यान भी आकर्षित किया। इस अवसर पर जीत प्रजापति, सेविस्कर प्रदेश सहसंयोजी सुश्री चंदना श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनंजय पांडे, लक्ष्य जैन, अभिनव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। राजनांदगांव की गणेश झांकियां अब प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक विशिष्ट पहचान बना रही हैं।



### भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, हिंसक प्रदर्शन के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

**नई दिल्ली ।** नेपाल में पिछले दो दिनों से हो रहे हिंसक प्रदर्शन के चलते केंद्रीय एजेंसियों ने भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। आगाह किया गया है कि उपद्रवी तत्व इस अशांति का फायदा उठाकर पड़ोसी भारतीय राज्यों में हिंसा भड़का सकते हैं। खुफिया सूत्रों ने चेतावनी दी है कि नेपाल के अशांत माहौल का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सीमावर्ती भारतीय राज्यों में हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस खुफिया जानकारी के बाद उत्तराखंड पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस, बिहार पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सहित भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है।

## टप्पा स्कूल में हुआ शिक्षक छात्र मैत्री भोज कार्यक्रम

### सामूहिक सहयोग से आयोजित हुआ शिक्षक छात्र मैत्री भोज का आयोजन, सामुदायिक पहल की अनुकरणीय मिसाल टप्पा विद्यालय परिवार

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टप्पा में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर टप्पा में संचालित प्राथमिक,माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक तीनों शालाओं के समस्त शिक्षकों और छात्रों के मध्य मैत्री भाव के संचार के लिए शिक्षक छात्र मैत्री भोज का आयोजन व्याख्याता विरेन्द्र कुमार रंगारी द्वारा अपने दिवंगत पिताश्री भदरु रंगारी के जन्मदिवस पर एवं दिवंगत माताश्री दुखिया बाई रंगारी की पुण्य स्मृति में लगभग 450 की संख्या हेतु तीनों शालाओं के शिक्षकों के अनन्य सामूहिक सहयोग से आयोजित किए जाने वाले मैत्री भोज का आयोजन इस वर्ष भी शिक्षा सत्र 2025द्ध26 के लिए भी किया गया है। जो कि आज के इस भागदौड़ भरी और व्यस्ततम दिनचर्या में भी ऐसी सामूहिक सहयोग एवं मैत्री भावना के सतत विकास के द्वार खोलने वाली अनूठी मिशाल प्रस्तुत करती हैं।



## लायंस क्लब ने अजीज पब्लिक स्कूल में प्रतिभा और गुरुजनों को किया सम्मानित

### लायंस क्लब का भव्य प्रतिभा एवं शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस क्लब राजनांदगाँव सिटी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला प्रतिभा सम्मान समारोह लायंस टॉपटेन इस वर्ष का तृतीय (तीसरा)आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ (एबिस ग्रुप) के अज़ीज़ पब्लिक स्कूल इंदामरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ गीत अरपा पैरी के साथ शुरू हुई छोटी छोटी बालिकाओ के द्वारा बहुत ही सुन्दर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया ।समाजसेवी लायन सुनील बरड़िया संस्थापक लायंस टॉप - टेन बच्चो का यह कार्यक्रम मातुश्री स्व. संतोष बाई बरड़िया एवं शिक्षक सम्मान स्व. विजय पांडे जी (पूर्व महापौर, राजनांदगाँव) की पावन स्मृति में शारदा तिवारी के सौजन्य से आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन अज़ीज़ पब्लिक स्कूल में प्रात: 10 :30 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अतिथियों, लायंस सदस्यों तथा छात्रों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को लायन क्लब के अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल ने कहा शिक्षक समाज की आत्मा होते हैं वे केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि चरित्र निर्माण अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत करते हैं और इसी प्रकार



प्रतिभावान छात्र व छात्राए जो कठिन परिश्रम और लगन से टॉप टेन की सूची में आते हैं वे भविष्य के उज्जवल सितारे हैं आप सभी हमारे शहर और समाज का गौरव है कार्यक्रम में अज़ीज़ पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर तनाज़ अज़ीज़ एवम फ़रजाना दानिश प्रिंसिपल सचिन पाल सिंह ठाकुर ,ने भी लायंस क्लब की सराहना की और कहा की लायंस क्लब का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है साथ ही वाइस प्रिंसिपल जीवेश कुमार द्विवेदी ,एवं सभी स्टाफ़ने इस आयोजन की प्रशंसा की तथा अपने लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल ने गरबा उत्सव में छोटे बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ नृत्य प्रस्तुत करने का निवेदन किया साथ ही संरक्षक लायन उमेंद कोठारी,सुशील पसारी,लायन राजेश जैन,लायन संतोष लोहिया,रीजन चेयरपर्सन रूड्डस्न लायन राजकुमार शर्मा जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी,लायन सुदामा मोटलानी,कार्यक्रम के प्रभारी लायन गौरव बागड़ी , लायन शुभम् (टीना ) खण्डेलवाल सहित लायन सिधार्थ सिंह कोठारी,मुकेश शर्मा,चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन सुरेश शर्मा एवं टॉपटेन चेयरमेन लायन मनोज गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लायन सदस्यों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही वास्तविक शक्ति है और इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंत में लायन जोन चेयर पर्सन शारदा तिवारी जी ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं लायंस परिवार का आभार व्यक्त करते हुए इस परंपरा को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।।कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समापन तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच हुआ।

## एबीआईएस फूड्स एंड प्रोटीन प्रा. लि. को मिला 'थिंक-सो इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025'

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** एबीआईएस फूड्स एंड प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड को उनकी पोषण पहल च्पहल पोषण कीज्ज् के लिए थिंक-सो इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एक्सीलेंस इन सीएसआर श्रेणी में प्रदान किया गया है। पुरस्कार का वितरण सीएसआईडीसी के चेयरमैन श्री राजीव अग्रवाल, यूनिसेफ एसबीसी स्पेशलिस्ट श्री अभिषेक सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, उरला इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के चेयरमैन श्री अश्विन गर्ग तथा जीएम, डीटीआईसी रायपुर श्री हेमेश देवांगन द्वारा किया गया। कंपनी की ओर से यह सम्मान एबीआईएस फूड्स की वाइस प्रेसिडेंट (ईएसजी) डॉ. पौलोमी बनर्जी ने प्राप्त किया। एबीआईएस की च्पहल पोषण कीज्ज् योजना ग्रामीण एवं वंचित समुदायों में कुपोषण उन्मूलन और पोषण जागरूकता पर केंद्रित है। इस पहल के माध्यम से माताओं और बच्चों के पोषण सुधार के लिए कई नवाचारपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एबीआईएस फूड्स का मानना है कि समावेशी विकास तभी संभव है जब समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य और पोषण की बुनियादी सुविधाएँ पहुँचें। इस सम्मान ने कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।



## ज्ञान मंथन

*1) असम के करीमगंज जिले का नया नाम क्या है जिसे हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है?*

*2) किस संस्थान ने दर्द रहित इंजेक्शन के लिए सुई रहित शॉक सिरिंज विकसित की है?*

*3) कैंसल कोल मामला जो खबरों में देखा गया, किस देश से संबंधित है?*

*4) कौन 6वीं शताब्दी के संस्कृत काव्य किरातार्जुनीयम् के लेखक हैं?*

*5) दुनिया की सबसे लंबी एक्सप्रेसवे सुरंग, तियानसेन शेंगिल सुरंग किस देश में स्थित है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) श्रीभूमि जिला (2) आईआईटी बॉम्बे (3) दक्षिण अफ्रीका (4) भारवि (5) चीन

## गुदगत रोगों (एनोरेक्टल डिजिस) से पीड़ित मरीजों के लिए प्रत्येक शुक्रवार को नि:शुल्क स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा परामर्श शिविर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा माह सितम्बर के प्रत्येक शुक्रवार 12, 19 एवं 26 सितम्बर को वार्ड क्रमांक 6 चिखली स्थित आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में गुदगत रोगों (एनोरेक्टल डिजिस) से पीड़ित मरीजों के लिए नि:शुल्क स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

## एमसीपी के दौरान चेकिंग में पकड़ी गई भारी मात्रा में चांदी - दस्तावेज पेश करने में नाकाम चालक

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** थाना सहसपुर लोहारा पुलिस की सतर्कता से बड़ी कार्रवाई सामने आई। एमसीपी (मोबाइल चेकिंग पाइंट) के दौरान रोक गई एक वैगन आर कार से भारी मात्रा में चांदी के जेवर बरामद किए गए। पूछताछ में चालक ने अपना नाम चंदन जैन, निवासी दुर्ग जो दुर्ग जे के ज्वैलर्स, गांधी चौक दुर्ग का संचालक होना बताया। गाड़ी दुर्ग से कवर्धा आना बताया,



लेकिन मौके पर किसी भी प्रकार के दस्तावेज अथवा बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। वाहन और बरामद चांदी को थाना परिसर लाकर विधिवत तौल एवं जांच की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में ज्वैलरी संचालक द्वारा चांदी का कुल वजन लगभग 190 किलोग्राम बताया गया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## निधन

*संतोष कुमार ठाकुर शिक्षक*

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा के विज्ञान सहायक शिक्षक श्री संतोष ठाकुर लगभग45 वर्ष अल्पायु में निधन हो गया मानव सेवा के पुजारी के रूप बेलटिकरी का जन जन उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख जनपद सदस्य रोहित चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व सरपंच बेलटिकरी भूषण निषाद पूर्व सरपंच धामनसरा पुनू राम पटेल लोकेश गंगवीर सरपंच डोडिया दिल्लू साहू सरपंच पीतांबर कतलम सरपंच प्रतिनिधि धामनसरा कृतलाल पटेल सरपंच प्रतिनिधि बुचीभरदा राहुल साहू प्रार्चाय अजय मसीह शिक्षक गण तथा क्षेत्र के आसपास के नागरिक बड़ी जनसंख्या में उपस्थित रहा।




# नगर पंचायत इंदौरी में अधोसंरचना निर्माण हेतु मिली 1 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपए सौगात

## विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का जताया आभार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा की सक्रियता एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण अंचलों और नगरों में अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। सोमवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सड़क, हाईमास्क लाइट, रंगमंच निर्माण, नाली निर्माण जैसे विभिन्न अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति अधोसंरचना मद के अंतर्गत मिली है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री जी एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का आभार व्यक्त कर नगरवासियों को विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई दी है। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास



हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी है। जनता को मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ मिले, उनका जीवन स्तर बेहतर हो, हमारे ग्रामीण क्षेत्र और नगर विकसित बनें एवं क्षेत्र की आर्थिक प्रगति हो इसी लक्ष्य और उद्देश्य के साथ प्रदेश की डबल इंजन भाजपा सरकार कार्य कर रही है। नगर पंचायत इंदौरी में प्रकाश व्यवस्था, सड़क, नाली, रंगमंच और सौन्दर्यीकरण जैसे विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है इसके पूर्व भी करोड़ों के विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी नगर पंचायत इंदौरी को मिली है जिससे क्षेत्र में जनसुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित हुआ है। हाल ही में इंदौरी में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु 2 करोड़ वहीं शिक्षा,स्वास्थ्य,सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं एवं विभिन्न अधोसंरचना निर्माण और विकास कार्यों के लिए अबतक 10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति नगर पंचायत इंदौरी के विकास को नई गति दे रहा है।

# 5 अक्टूबर को आयोजित होगा साकेत साहित्य परिषद का छब्बीसवां वार्षिक समारोह

## साहित्यकार सीताराम साहू श्याम और भूपेंद्र कुमार साहू सृजन साकेत साहित्य सम्मान से सम्मानित होंगे


**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले पूर्व सचिव फकीर प्रसाद साहू फक्कड़ के संयोजन में मासिक बैठक एवं छब्बीसवां वार्षिक समारोह आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 अक्टूबर रविवार को परिषद का 26 वां वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम तीन सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र में मर्ज होती शिक्षा विषय पर परिचर्चा के मुख्य अतिथि डा. सुधीर शर्मा विभागाध्यक्ष, हिंदी, कल्याण कालेज भिलाई होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीता राम साहू श्याम वरिष्ठ साहित्यकार पैरी, बालोद, आधार वक्तव्य कुबेर सिंह



साहू एवं स्वागत भाषण ओम प्रकाश साहू अंकुर देंगे। परिचर्चा का संचालन महेन्द्र कुमार बघेल मधु करेंगे। द्वितीय सत्र में सम्मान समारोह के अंतर्गत जिले के जन प्रतिनिधिगण अतिथि होंगे। सम्मान समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर करेंगे।साकेत साहित्य सम्मान 2025 वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू श्याम पैरी, बालोद और भूपेंद्र कुमार साहू सृजन ( कोटराभांठा, सुरगी / बचेली, दंतेवाड़ा) को प्रदान किया जायेगा। तृतीय सत्र में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कवि सम्मेलन का संचालन संयुक्त रूप से वरिष्ठ कवि वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू, पवन यादव पहुना एवं मदन मंडावी करेंगे। वार्षिक समारोह को सफल बनाने हेतु सदस्यों को विभिन्न कामों के लिए प्रभारी बनाया गया है। साकेत साहित्य भवन सुरगी में आयोजित इस महती बैठक में सरस कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस बैठक में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर,वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू, प्रभात तिवारी अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ राजनांदगांव, उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना,पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर, वरिष्ठ साहित्यकार महेन्द्र कुमार बघेल मधु अध्यक्ष , शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव, वरिष्ठ साहित्यकार अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, नंद किशोर साव नीरव,फागू दास कोसले, पूर्व अध्यक्ष दिलीप साहू अमृत, पूर्व सचिव फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, आनंद राम सार्वा, अमृत दास साहू कलकसा, मदन मंडावी ढारा, सहसचिव डोहर दास साहू, डा. एस कुमार साहू, सेवन्त देशमुख अंजोरा ढाबा ( नगपुरा), सुश्री चंचल साहू ( मोहलई, दुर्ग) , अमन साहू, महावीर साहू, मेघराज साहू की उपस्थिति रही। गोष्ठी के संयोजक फकीर प्रसाद साहू फक्कड़ ने आभार व्यक्त किया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जीवनदीप समिति के लिए सदस्यों का किया गया मनोनयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** उप मुख्यमंत्री तथा गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिक विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा के अनुमोदन उपरांत राजनांदगांव जिला अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में जीवनदीप समिति के साधारण सभा के लिए गणमान्यजनों को सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी के जीवनदीप समिति के लिए श्री पिताम्बर कतलाम, तेजप्रताप सिन्हा, श्री परदेशी साहू, जनदप सदस्य श्रीमती हर्षी चन्द्राकर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकुलदैहान के जीवन दीपसमिति के लिए श्री विश्वनाथ देवांगन, श्री टिकम साहू, श्री गोविन्द वर्मा, जनपद सदस्य श्री राजेन्द्र ठाकुर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगटा के जीवनदीप समिति के लिए श्री अशोक साहू, श्रीमती महेश्वरी साहू, श्री दुर्जन देवांगन, जनपद सदस्य श्रीमती मंजू चंदेल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरडीहकला के जीवनदीप समिति के लिए श्री विक्की वर्मा, श्री दिनेश ठाकुर, श्री होश कुमार साहू, जनपद सदस्य श्रीमती ललिता साहू को सदस्य मनोनित किया गया है। डोंगरगांव विकासखंड



## निधन

रमेश चौधरी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय रामनगर में पन्नु बिल्डिंग के निवासी श्री रमेश चौधरी (आयु करीब 59 वर्ष) का आज शाम चार बजे अकस्मात हृदयाघात से निधन हो गया है। वे शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय में कार्यरत मुख्य लिपिक श्रीमती अनिता राऊत के पति थे। वे अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों सहित भरा-पुरा परिवार छोड़ गये हैं। उक्ताशय की जानकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# नगर निगम मे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवम गम्भीर बीमारियो के लिए नि शुल्क स्वास्थ्य शिविर के समबन्ध में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स ) ।** नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं गंभीर बीमारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिह पारस वर्मा की उपस्थिति मे पार्षदों तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवम गम्भीर बीमारियो के लिए नि शुल्क स्वास्थ्य शिविर के समबन्ध मे कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला मे आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। उन्होंने सभी पार्षदों से कहा कि अपने वार्ड के लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। इस योजना के तहत शासन द्वारा 78 हजार रूपए अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। आर्थिक स्थिति के आधार पर तथा घर की बिजली की खपत के अनुसार उन्हें सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, नियम-शर्तों, के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी जनसामान्य को दें। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों के लिए 17 सितम्बर को भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के संबंध में जानकारी प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। बैठक में वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अंत मे उपस्थित जनो द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य पार्षद चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारि एवम स्विधूत विभाग के अधीक्षक अभियंता श्री शंकेश्वर कंवर, श्री एमके साहू एवं श्री बीरबल उइके, सहायक अभियंता श्री आरके मंडावी एवं श्री हिमांशु भूआर्य, कनिष्ठ अभियंता श्री कीर्ति कुमार देशमुख, श्री खेमेन्द्र साहू एवं श्री विकास साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विद्युत विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।



# साइबर जागरूकता और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध कबीरधाम पुलिस का अभियान



पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी मुख्यालय आशीष शुक्ला एवं डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के निर्देशन में महिला थाना कवर्धा द्वारा दिनांक 09.09.2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरौनी में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति एप, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी तथा ठगी की स्थिति में राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। साथ ही पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, गुड टच-बैड टच और बाल विवाह जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया और उन्हें कानून की जानकारी के साथ सजग नागरिक बनने का संदेश दिया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम, शिकायत दर्ज कराने और कानूनी सहायता के उपायों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वरी साहू, सहायक उप निरीक्षक विजया कैवत, महिला प्रधान आरक्षक स्वीटी आनंद, महिला आरक्षक रजनी टोप्पो, आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर की विशेष भूमिका रही। वहीं विद्यालय की ओर से प्राचार्य एस.के. चंद्रवंशी, शिक्षक ओमप्रकाश साहू, भोलाराम, शिक्षिकाएं चित्राणी साहू एवं सुनीता ठाकुर सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## *धर्म समाचार....*

# कब और क्यों मनाई जाती है इंदिरा एकादशी ? जानें धार्मिक महत्व

ज्योतिषियों का मत है कि आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर कई शुभ और मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में पूजा करने से साधक पर लक्ष्मी नारायण जी की कृपा बरसेगी। साथ ही पितरों को भी नवजीवन प्राप्त होगा। भगवान विष्णु के शरण और चरण में रहने वाले साधकों को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।सनातन धर्म में पुनर्जन्म का विधान है। व्यक्ति को जीवन में किए गए कर्मों के अनुसार नया जीवन मिलता है। अच्छे कर्म करने वालों को उच्च लोक में स्थान मिलता है। वहीं, बुरे कर्म करने वालों को न केवल नारकीय जीवन से गुजरना पड़ता है, बल्कि मृत्यु के बाद भी यम यातना से गुजरना पड़ता है। इसके अलावा, नरक लोक में स्थान मिलता है। गरुड़ पुराण में निहित है कि बुरे कर्म करने वालों के कुल में कपूत पैदा होते हैं, जो अपने पूर्वजों का श्राद्ध कर्म और पिंडदान नहीं करते हैं। साथ ही पितृ पक्ष के दौरान पितरों का तर्पण भी नहीं करते हैं। ऐसे लोगों के पूर्वजों को प्रेतयोनि में लंबे समय तक भटकना पड़ता है। पूर्वजों की आत्मा को शांति दिलाने हेतु उनका श्राद्ध और पिंडदान अनिवार्य




है। इसके साथ ही पितृ पक्ष के दौरान तिथि अनुसार पूर्वजों का तर्पण करना चाहिए। ऐसा करने से पितृ तृप्त होते हैं। उनकी आत्मा को उच्च गति प्राप्त होती है। इंदिरा एकादशी के दिन पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने से तीन पीढ़ी के पूर्वजों का उद्धार होता है। वहीं, व्यक्ति विशेष पर नारायण की कृपा बरसती है। लेकिन क्या आपको पता है कि इंदिरा एकादशी कब मनाई जाती है? आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**पितृ पक्ष कब तक चलता है?**

भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर आश्विन अमावस्या तक पितृ पक्ष रहता है। इस दौरान रोजाना पितरों का तर्पण किया जाता है। गरुड़ पुराण में पितरों के तर्पण और पिंडदान की पूरी विधि बताई गई है। व्यक्ति तिथि अनुसार पितरों का तर्पण करते हैं। इसके लिए आप कुल पंडित की भी सलाह ले सकते हैं। इस साल 07 सितंबर से लेकर 21 सितंबर तक पितृ पक्ष है।

**कब है सर्व पितृ अमावस्या?**

हर साल आश्विन अमावस्या के दिन सर्व पितृ का तर्पण किया जाता है। इस दिन ही पितृ अपने लोक लौट जाते हैं। 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या है। इस दिन सूर्य ग्रहण भी लगने वाला है। इसके अगले दिन से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी।

**कब मनाई जाती है इंदिरा एकादशी?**

हर साल आश्विन माह में पितृ पक्ष के दौरान इंदिरा एकादशी मनाई जाती है। यह पर्व आश्विन माह में कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। इसके साथ ही पितरों का तर्पण और पिंडदान किया जाता है। एकादशी तिथि पर पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को भगवान विष्णु की कृपा से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।

**किस दिन है इंदिरा एकादशी**

वैदिक पंचांग के अनुसार, 17 सितंबर को इंदिरा एकादशी मनाई जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो 17 सितंबर (अंग्रेजी कैलेंडर अनुसार यानी 16 सितंबर की रात) को देर रात 12 बजकर 21 मिनट पर आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि शुरू होगी। वहीं, 17 सितंबर को देर रात 11 बजकर 39 मिनट पर एकादशी तिथि समाप्त हो जाएगी।

## आज से इन राशियों को नौकरी की टेंशन से मिलेगी मुक्ति, दूर होगी आर्थिक तंगी

देवों के देव महादेव की पूजा सोमवार के दिन की जाती है। इस दिन व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। इसके लिए ज्योतिष सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सोमवार 08 सितंबर को मन के कारक चंद्र देव ने राशि परिवर्तन किया है। वर्तमान समय में चंद्र देव मीन राशि में विराजमान हैं। इस राशि में चंद्र देव अगले दो दिनों तक रहेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। इनमें दो राशि के जातकों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इन दो राशि के जातकों को न केवल जॉब की परेशानी से मुक्ति मिल सकती है, बल्कि आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।




**कन्या राशि**- वर्तमान समय में चंद्र देव आपके सप्तम भाव को देख रहे हैं। इससे आपको कई मामलों में लाभ मिलेगा। आपकी गिनती श्रेष्ठ लोगों में होगी। आपको यात्रा करने का अवसर मिल सकता है। इसके साथ ही सी साइट्स पर भी जा सकते हैं। कई मामलों में आप धैर्य की वजह से सफल होंगे। आपमें नेतृत्व करने की क्षमता आएगी।

कारोबार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। आप सफल कारोबारी हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपका आत्मीय संबंध होगा। अल्प प्रयास से आपको जीवन में विशेष सफलता मिल सकती है। कई बार आप यात्रा में परिवर्तन भी कर सकते हैं। चंद्र देव की कृपा से आपकी मानसिक सेहत अच्छी रहेगी। आपके घर में खुशियों का आगमन होगा। देवों के देव महादेव की पूजा करने से चंद्र देव प्रसन्न होते हैं।

**धनु राशि**- चंद्र देव का मीन राशि में गोचर धनु राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है। चंद्र देव की कृपा से आपकी माता की सेहत अच्छी रहेगी। आपके स्वभाव में उदारता आएगी। आप हमेशा प्रसन्न रहेंगे। आपको कोई गुड न्यूज मिल सकती है। खासकर, नौकरी से संबंधित कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। आपको मनमुताबिक सफलता मिलेगी। घूमने

nandgaon times sep-11-4.qxd 9/11/2025 12:00 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# शहर की जानी-मानी सेवा भावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति का 32 वा गणेशउत्सव महापर्व आनंद उमंग उल्लास और एकता के साथ संपन्न

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने भगवान गणपति की आरती उतारी एवं चाय बिस्किट प्रसाद वितरण का किया शुभारंभ

### पूर्व सांसद अभिषेक सिंह , चैंबर ऑफ़कॉमर्स के संरक्षक खूबचंद पारख पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ,महापौर मधुसूदन यादव ,समाजसेवी सुनील अग्रवाल, पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख , ने पंडाल पहुंचकर भगवान गणपति के दर्शन कर महाप्रसाद वितरण में निभाई सहभागिता



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग द्वारा गणपति स्थापना के निरंतर 32 वे वर्ष में 11 दिवसीय गणेश उत्सव महापर्व सनातन संस्कृति के अनुरूप एकता के साथ आनंद उमंग महोत्सव के साथ संपन्न हुआ मेरी संस्कृति मेरा आधार को शिरोधार्य करते हुए आयोजन समिति के सेवक सेवा में समर्पित अध्यक्ष रोहित शर्मा के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में समिति के सचिव चैतन्य अग्रवाल कोषाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष करण अग्रवाल ने कंधे से कंधा एवं कदम से कदम मिलाकर 28 सदस्यों की कार्यकारिणी द्वारा सामूहिक एकता श्रद्धा भक्ति भाव से परिपूर्ण आनंद उमंग महोत्सव मनाया जिसमें छोटे-छोटे बच्चों सहित मंडल की महिला सदस्यों ने भी प्रतिदिन अपनी सेवाएं दी भगवान विघ्नहर्ता गणपति की नैनाभीराम राजाधिराज महाराज की मुद्रा में विराजमान 15 फीट विशाल ऊंचाई की भव्य मूर्ति की भक्तों ने खूब खूब प्रशंसा की जिसकी गूंज पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में रही भव्य राजमहल की पंडाल परिसर की छवि भक्तों को मंत्र मुग्ध कर रही थी हरियाली की छटा से ओत प्रोत कमल आकृति में फाउंटेन फव्वारा भगवान विघ्नहर्ता के दरबार में चार चांद लगा रहा था बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेश उत्सव के संयोजक संदेश जैन , रवि शर्मा प्रशांत अग्रवाल ने आगे कहा कि 11 दिवसीय भक्ति के साथ, राष्ट्र प्रेम, सामूहिक एकता, जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरण, स्वदेशी अपनाओ , आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता, एक पेड़ स्वयं के लिए अभियान , जल संरक्षण, मानव सेवा माधव सेवा, संस्कारशिक्षा, सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम में मौखिक प्रश्नोत्तरी में तत्काल उपहार प्रदान किए गए अनेक जन जागरण अभियान चलाते हुए कार्य किए गए प्रथम पूज्य गणपति का महा अभिषेक एवं महापूजा में 108 दीपों की महाआरती विश्व मंगल कामना के साथ यज्ञ किया गया 11000 दीपों के दिव्य भव्य आयोजन में शंख , घंटा ध्वनि एवं गायत्री महामंत्र के सामूहिक उच्चारण करते हुए वातावरण गूंजायमान रहा 11000 दीपों से सुसज्जित दीप मलिका में प्रथम दीपक मुख्य अतिथि संस्कारधानी के जाने-माने उद्योगपति एवं समाजसेवी सुनील अग्रवाल , रचित अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि रमेश जैन छुरिया वाले सहित जन जन इस वर्ष स्वदेशी अपनाओ , ऑपरेशन सिंदूर , राफेल, शंख, चक्र, गदा, स्वास्तिक त्रिशूल ,शिवलिंग, की आकर्षक आकृति में जन जन ने दीप जलाकर भक्ति के साथ राष्ट्र प्रेम व स्वदेशी अपनाओ को हाथों हाथ लेकर संकल्प लिया पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश दीपोत्सव के आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा हुई आयोजन सहयोगी राकेश ठाकुर रहे द्य भगवान गणपति के दर्शन हेतु छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से पधारे भक्तों की सेवा में 7 दिनों तक प्रतिदिन हजारों भक्तों महा आरती के पश्चात महाप्रसाद संध्या 7:00 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक , जिसमें आलू गुंडा, मसालेदार खिचड़ी, मुर्रा भेल , पूरी सब्जी, चाय बिस्कुट एवं छठवें दिवस भंडारा महाप्रसाद में रात्रि तक 6500 भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया गणपति महोत्सव के दिव्य भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, ने पहुंच कर भगवान गणपति की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया एवं चाय बिस्किट वितरण सेवा का शुभारंभ किया और और अपने उद्बोधन में कहा की बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग के गणेश उत्सव सेवा के निरंतर 32 वर्ष प्रेरणा की मिसाल है यह संस्था वर्ष भर अनेक सेवा के कार्य करती है आप सभी को गणपति महोत्सव की बधाई चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के संरक्षक खूबचंद पारख,पूर्व सांसद अभिषेक, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी राजनांदगांव के उद्योगपति एवं समाजसेवी सुनील अग्रवाल, महापौर मधुसूदन यादव कोमल सिंह राजपूत भाजपा अध्यक्ष, नादगांव टाइम्स के संपादक अशोक पांडे, पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा , शैंकी बग्गा पार्षद , राणु जैन पार्षद मानव देशमुख, विभिन्न समाचार पत्रों के प्रमुख, समाजसेवी, स्वयंसेवक, सफाई मित्र , सभी का सम्मान संस्था की ओर से किया गया अनंत चतुर्दशी के दिन भव्य विसर्जन शोभायात्रा लोकल धूमालपार्टी के मधुर संगीत एवं ढोल ताशा की आवाज के साथ गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी है साथ पूरे रास्ते पर बूंदी एवं मंगोड़ी चलित भंडारा महाप्रसाद भी भक्तों को प्रदान किया गया लोकल फार वोकल को प्राथमिकता देते हुए बाल रत्न मंच सेवा समिति संस्था विगत 32 वर्षों से निरंतर पंडाल की गणपति मूर्ति हेतु स्थानीय मूर्तिकारों से ही निर्माण कराया जाता है साथ मूर्ति कला के कलाकार भाई शशि एवं भव्य पंडाल के निर्माता अनंत डेकोर के भाई तनवीर सिंग का स्वागत तिलक लगाकर,अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर प्रतीक चिन्ह मोमेंटो भेंट स्वरूप गणेश उत्सव आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया द्य सफल आयोजन के लिए अंत में संस्था के द्वारा बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग गणेश उत्सव आयोजन समिति के सेवाभावी अध्यक्ष रोहित शर्मा का सम्मान संस्था सदस्यों की ओर से दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह मोमेंटो भेंट कर संस्था सदस्यों द्वारा कंधे में उठाकर अविरल गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष के साथ संपन्न हुआ उपरोक्त जानकारी बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेश उत्सव के प्रचार प्रमुख महेश शर्मा ने दी।



# गणेश पर्व में फनकार ग्रुप द्वारा भजन संध्या का शानदार प्रस्तुति



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रिद्धि सिद्धि कॉलोनी फेस 2 राजनांदगांव में श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व में फनकार ग्रुप द्वारा भजन संध्या का शानदार प्रस्तुति दिया गया । कॉलोनी के अध्यक्ष बीरबल सिंह देशमुख ,सचिव सुनील वंजारी, उपाध्यक्ष योगेश्वर देशमुख ,संपत सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य गणों की उपस्थिति में साथ ही साथ समस्त कॉलोनी वासियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह भजन का कार्यक्रम बहुत ही शानदार हुआ सभी भक्तगण भजनों में झूम गए । कॉलोनी में पूरे ग्यारह दिवस अलग-अलग कार्यक्रमों जैसे रिकार्डिंग डांस, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भाषण, गीत, कविता, चित्रकला, निबंध, क्वीज, मटकाफोड़, आदि शानदार गतिविधियों का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू एवं कॉलोनी के अन्य सदस्यों के द्वारा किया गया । फनकार ग्रुप से भजनों की प्रस्तुति देने वालों में पद्मलोचन शर्मा , सनी गजभिए, श्याम कुमार शर्मा , राजेंद्र खंडेलवाल, अनुराग सक्सेना, थंगेश्वर कुमार साहू , खिलावन साहू , रामकुमार कुर्रे आदि थे। इस कार्यक्रम का सफल एवं शानदार संचालन थंगेश्वर कुमार साहू के द्वारा किया गया । एवं आभार व्यक्त हेमलाल साहू जी के द्वारा किया गया ।

### बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करें साय सरकार : राम साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री राम साहू ने



छत्तीसगढ़ सरकार से बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की इस जनहितकारी योजना से प्रदेश के लगभग 60 लाख गरीब और उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे थे। पहले 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट मिलती थी, जिसे घटाकर केवल 100 यूनिट कर दिया गया है। यह निर्णय गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। श्री साहू ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जनता को राहत देने की बजाय प्रदेश सरकार ने योजना को लगभग बंद कर दिया है। श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार से तत्काल बिजली बिल हाफ योजना को पूर्ववत लागू करने की मांग की है और कहा कि यदि सरकार जनता के हित में निर्णय नहीं लेती, तो जनता उसे सबक सिखाने से पीछे नहीं हटेगी।

# अग्रवाल समाज व्यापक तैयारियों में जुटा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अग्रकुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन जी की 5149 वीं जयंती आगामी अश्विन (क्वांर ) शुक्ल एकम,22 सितंबर 2025 सोमवार को परंपरागत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनायी जायेगी । इसी दिन आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्र आरंभ होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले जयंती महोत्सव को लेकर स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आगामी 15 सितम्बर सोमवार को अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री मनोहर लाल बिंदल होंगे । मुख्य समारोह आगामी 22 सितम्बर, सोमवार को होगा। जिसके मुख्य अतिथि श्री महेश रामरतनदास जी भारुका, समाजसेवी, कामठी (महाराष्ट्र) होंगे। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला



गौरीशंकर जी अग्रवाल , समाजसेविका, नागपुर (महाराष्ट्र) करेंगी। समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती सम्मान, तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान मुख्य समारोह में किया जायेगा। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत समाज के बच्चों, युवक, युवतियों तथा महिलाओं के लिए विविध मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, सजावट, कुकिंग तथा खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। जिसमें समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, मंच तथा पुरस्कार मिलता है । इसी कड़ी में 17 सितम्बर बुधवार को ' म्युजिकल अंताक्षरी ' का सुमधुर आयोजन होगा। 18 सितम्बर को ' श्री अग्रसेन आनंद मेला ' शिवनाथ वाटिका में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि श्री सुनील रामकरण अग्रवाल एवं श्रीमती शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल होंगे। इसी दिन बाईक रैली भी होगी । 21 सितम्बर, रविवार को 'सांस्कृतिक कार्यक्रम ' में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी । पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, श्रीमती जागृति गर्ग तथा संयुक्त जिलाधीश श्रीमती शीतल बंसल अतिथि होंगे । प्रतिदिन कार्यक्रमों की श्रृंखला में फैंसी ड्रेस, बोरा दौड़, जोड़ी दौड़, नींबू दौड़, लूडो, मीठे व्यंजन बनाओ, हरे पत्ते से बुके बनाओ, सूखे मसाले से ज्वेलरी बनाओ, तोल-मोल के बोल, लक्की ड्रा तथा आकस्मिक गेम्स सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगी । यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि जयंती कार्यक्रम को लेकर समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है ।

### बेटी टिया के जन्मदिन पर जितेन्द्र सिन्हा ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डड़सेना सिन्हा समाज जिला राजनांदगांव के सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा



(सांगिनकछार) ने अपनी बेटी टिया सिन्हा के जन्मदिन पर एक अनूठी पहल की। उन्होंने प्रथम बार रक्तदान कर समाज को संदेश दिया कि रक्तदान करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि रक्तदान करने से उन्हें आत्मिक संतोष मिला और यह जीवन बचाने का सबसे पवित्र कार्य है। इस अवसर पर हेमंत सिन्हा और नेहरू सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने जितेंद्र सिन्हा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को नई दिशा देते हैं। लोगों ने भी इस पहल की प्रशंसा की और इसे प्रेरणादायी बताया। बेटी के जन्मदिन को सेवा कार्य से जोड़ने की यह अनोखी पहल समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनी।

### धनीराम साहू शासकीय किसान स्कूल अर्जुनी में छात्राओं को सायकल वितरण किया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** धनीराम साहू शासकीय किसान उ0मा



शाला अर्जुनी में स्कूली बच्चों को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अन्तर्गत 26 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण साहू जिला - पंचायत उपाध्यक ,विजय जैन शाला प्रधान समिति अध्यक्ष, सरपंच सहिता साहू, नागेश बनकर उपसरपंच, दिनेश साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, टामेश्वर साहू सांसद प्रतिनिधि, शिव कुमार, संजय सोनी, हिरामन सोनकर भैया बाल साहू ,ऐस ` राम बन्दौरिया, दुर्गेश सिन्हा, कमलेश गंजीर, शालिनी उमिला ठाकुर दीपिका दुबे, हरेन्द्र मनीष गजभिये रश्मि घृत उपस्थित थे।अतिथि उद्बोधन ६मे बच्चों को छात्र जीवन में शिक्षा का महत्व प्रतिदिन विद्यालय आने अच्छे पढ़ाई हेतु प्रेरित किया गया विद्यालय के लिए 2 लाख रुपये की घोषणा की गयी , आभार प्रदर्शन आर के चौधरी व्याख्याता ने किया।

# विश्व हिंदू रक्षा संगठन ने जताया विश्वास, जिलाध्यक्ष बने दीपक सोनी




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के युवा समाजसेवी दीपक सोनी को विश्व हिंदू रक्षा संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के संरक्षक सुमित्रानंदन स्वामी के आदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सहमति से यह नियुक्ति की गई। साथ ही, श्री सोनी को प्रदेश कार्यकारिणी में भी स्थान प्रदान किया गया है। संगठन ने बताया कि दीपक सोनी को यह दायित्व उनकी सामाजिक सक्रियता, सादगीपूर्ण छवि और समर्पण भाव को देखते हुए सौंपा गया है। संगठन को विश्वास है कि वे अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। नवीन जिम्मेदारी मिलने पर श्री सोनी ने कहा, मैं संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा। उनकी नियुक्ति की जानकारी मिलते ही शहरवासियों, परिजनों और समर्थकों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। सभी ने उन्हें बधाइयां दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामाजिक कार्यों और जनसेवा के कारण दीपक सोनी की पहचान शहर में एक प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के रूप में रही है। उनकी नई भूमिका से संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### डॉ रमन सिंह के प्रयासों से चार सड़कों सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति मिली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से लंबे समय से जर्जर हो चुकी चार सड़कों की सुदृढ़ीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा प्रदान की गई। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला राजनांदगांव के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निम्न सड़को के सुदृढीकरण (सतह मजबूतीकरण की प्रशासकीय स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा प्रदान कर दी गई है:- 1. पटेवा से पेन्डी (अप से खैरागढ़ ब्लॉक) (9.80 कि.मी.) 2. मुरमुंडा से उराईडबरी (8.60 कि.मी.) 3. पटेवा से बिजेतला (10.10 कि.मी.) 4. चैतुखपरी बिलहारी खुडमुडी से रेंगाकठेरा उपरोक्त चारों सड़कें विगत 5 वर्षों से अत्यंत ही जर्जर हो चुकी थी और लंबे समय से ग्राम वासियों द्वारा इसकी मरम्मत की मांग की जा रही थी।



# महापौर यादव के बारे में अनर्गल बयान बाजी ना करें कांग्रेस के पिल्ले

### नेता प्रतिपक्ष पर बरसी वर्षा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम राजनांदगांव की राजनीति इन दिनों गर्माई हुई है। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और सम्मानित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर की गई बयानबाजी अब नया विवाद खड़ा कर चुकी है। इस बयान पर भाजपा पार्षद व नगर निगम की चेयरमैन वर्षा शरद सिन्हा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने पिल्ले के बयान को मनगढ़ंत, झूठा और कांग्रेस की बौखलाहट का परिणाम करार दिया। श्रीमती सिन्हा ने आगे कहा कांग्रेस सत्ता से बाहर है इसलिए उसके नेता इस तरह के अनर्गल और हास्यास्पद बयान दे रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष का यह बयान उनकी ओछी मानसिकता को उजागर करता है। ज्ञातव्य है



कि हाल ही में संतोष पिल्ले ने आरोप लगाया था कि राजनांदगांव नगर निगम, महापौर का नहीं बल्कि स्पीकर हाउस का संचालन है। इस बयान को लेकर भाजपा में नाराज़गी बढ़ गई है। वर्षा शरद सिन्हा ने इसे भाजपा की एकता और मजबूती में फूट डालने की नाकाम कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि महापौर यादव और डॉ. रमन सिंह को लेकर इस तरह की टिप्पणी करना कांग्रेस की हताशा और दिग्भ्रम का परिणाम है। महापौर और नेता प्रतिपक्ष के बीच अब तक संबंध मधुर और सौहार्दपूर्ण रहे हैं बावजूद इसके पिल्ले का ऐसा गैर-जिम्मेदार बयान यह साबित करता है कि वे किसी के बहकावे में आकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ने चेतावनी दी कि भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि अपने नेताओं के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com